:: निविदा सूचना ::

"EXPRESSION OF INTEREST"

कार्यालय जिला पंचायत नारायणपुर में संचालित विभिन्न योजनाओं की वित्तिय वर्ष 2014-15 के सी.ए. अंकेक्षण कार्य हेतु कम से कम 5 वर्षो का अनुभन रखने वाले एवं छ0ग0 महालेखाकार से पंजीकृत चार्टर्ड एकाउंटेट/फर्मो से प्रत्येक योजना के लिए ऑडिट कार्य हेतु पृथक-पृथक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 1000.00 रूपये नगद जमा कर कार्यालय के लेखा शाखा कक्ष क्र0 04 से प्राप्त की जा सकती है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्ते हेतु कार्यालय के सूचना पटल एवं **www.cgstate.gov.in & www.zpnarayanpur.gov.in** पर अवलोकन कर सकते है। निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि 29.04.2015 है।

(कलेक्टर जिला नारायणपुर द्वारा अनुमोदित)

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत नारायणपुर

पृ0क्र0/ 149 A /लेखा/जि0पं0/ 2015-16 नारायणपुर दिनांक 17.04.2015

प्रतिलिपि :-

1. कलेक्टर महोदय, जिला नारायणपुर को सादर सूचनार्थ।
2. सहायक संचालक, जन संपर्क जिला नारायणपुर को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ।
3. जिला सूचना अधिकारी,NIC नारायणपुर निविदा आमंतत्र को **www.cgstate.gov.in & www.zpnarayanpur.gov.in** पर अपलोड करने हेतु (निविदा **PDF** में)

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत नारायणपुर

–: नियम व शर्तें :–

"EXPRESSION OF INTEREST"

1. कार्यालय में संचालित योजना का वित्तीय वर्ष 2014–15 का ऑडिट कार्य कराया जाना है। योजना का नाम परिशिष्ट अ में संलग्न है।
2. ग्राम पंचायत के ऑडिट हेतु विकासखण्डवार अथवा ग्राम पंचायतों की संख्या निर्धारित करते हुए प्रति ग्राम प्रस्ताव प्रस्तुत किया जा सकता हैं।
3. प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाले चार्टर्ड एकाउण्टेंट का महालेखाकार की अनुसूची में शामिल होना अनिवार्य हैं। चार्टर्ड एकाउण्टेंट द्वारा (CAG Empanelled) की अनुसूची में शामिल होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत कराना होगा। साथ ही चार्टर्ड एकाउण्टेंट को कम से कम 5 वर्षो के अंकेक्षण कार्य का अनुभव होना अनिवार्य होगा।
4. चार्टर्ड एकाउण्टेंट को निविदा स्वीकृति उपरांत अनुबंध पत्र निष्पादित कराना होगा।
5. चार्टर्ड एकाउण्टेंट द्वारा अंकेक्षण रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्रों में तैयार कर 04 प्रतियों में प्रस्तुत कराना होगा।
6. योजनाओं का ऑडिट स्वीकृत कार्य 30 जून 2015 तक पूर्ण करने हेतु अनुबंध किया जावेगा। ऑडिट कार्या निर्धारित अवधि में पूर्ण नहीं होने पर सप्ताह अंकेक्षण शुल्क की 2 प्रतिशत राशि कटौती की जावेगी।
7. निविदाकार्ता को प्रत्येक आवेदन के साथ 50 हजार रुपया एफ.डी.आर. के रूप में जमा कराना अनिवार्य होगा। निविदा अस्वीकृत होने पर अमानत राशि वापस कर दी जावेगी।
8. निविदाकर्ता द्वारा Technical bid तथा Financial Bid पृथक–पृथक लिफाफे में प्रस्तुत किया जावेगा। सबसे पहले Technical bid (जिसमें अमानत राशि, महालेखाकार द्वारा इम्पेन्नल का प्रमाण प्रत्र, अनुभव प्रमाण पत्र,) खोला जावेगा। संपूर्ण दस्तावेज तथा नियम व शर्ते पूर्ण करने पर ही संबंधित फर्म का Financial bid (मूल्य कथन) खोला जावेगा। नियम व शर्ते पूर्ण नहीं करने पर आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा।
9. निविदा कार्य आदेश स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा। कोई भी न्यायालयीन वाद उत्पन्न होने पर उसका क्षेत्र जिला नारायणपुर में होगा।
10. निविदा प्रपत्र कार्यलय के लेखाशाखा कक्ष क्र0 04 से अंतिम दिनांक तक प्राप्त किये जा सकते हैं। आवेदन हेतु कार्यलय के लेखाशाखा में 1000/ नगद राशि जमा करना होगा।
11. **प्रत्येक योजना हेतु पृथक–पृथक आवेदन करना अनिवार्य होगा। साथ आवेदन पत्र में "योजना का नाम..... अंकेक्षण हेतु आवेदन पत्र" अंकित करना आवश्यक हैं।**
12. निविदा किसी भी समय बिना कारण बताये निरस्त की जा सकती हैं।

निविदा का विवरण :–

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि 29.04.2015 समय 12:00 बजे।
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 29.04.2015 समय 3:00 बजे अपरान्ह।
निविदा खोलने की तिथि 29.04.2015 समय 4:00 बजे अपरान्ह।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत नारायणपुर

परिशिष्ट "अ"

जिला पचंायत नारायणपुर में अंकेक्षण कराये जाने वाले योजनाओं की सूची

क्र0	योजना का नाम
1	पंचायत पदाधिकारियों का मानदेय (पंचायत निधि)
2	DRDA
3	छ0ग0 ग्रामीण विकास निर्माण (जिला,जनपद)
4	पिछड़ा अनुदान क्षेत्र (BRGF)
5	जनपद सशक्तिरण योजना (जनपद)
6	महात्मा गांधी नरेगा (MGNREGA - Zila, Janpad, Gram Panchyat, Agency)
7	ग्राम विकास (जिला जनपद)
8	इंदिरा आवास योजना (विशेष)
9	इंदिरा आवास योजना (वन अधिकार पट्टा)
10	इंदिरा आवास योजना (होमस्टीड)
11	इंदिरा आवास योजना (सामान्य)
12	इंदिरा आवास योजना (कंटिजेसी)
13	RGPSA जिला, जनपद
14	स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन (जिला, जनपद)
15	IWMP I,II,III Consolidated Also, WCDC
16	मातृत्व भत्ता (जिला, जनपद)
17	13वें वित्त/12वें वित्त (13वे वित्त जिला, जनपद, ग्राम पंचायत)
18	फूलवारी योजना (जिला,जनपद)
19	मूलभूत (जिला/जनपद/ग्राम पंचायत)
20	जिला नवाचार निधि (DIF)
21	स्वच्छ भारत मिशन
22	यूरोपियन कमीशन
23	सामाजिक सहायता
24	शिक्षाकर्मी

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत नारायणपुर

परिशिष्ट "अ"

जिला पचांयत नारायणपुर में अंकेक्षण कराये जाने वाले योजनाओं की सूची

क्र0	योजना का नाम
1	पंचायत पदाधिकारियों का मानदेय (पंचायत निधि)
2	DRDA
3	छ0ग0 ग्रामीण विकास निर्माण (जिला,जनपद)
4	पिछड़ा अनुदान क्षेत्र (BRGF)
5	जनपद सशक्तिरण योजना (जनपद)
6	महात्मा गांधी नरेगा (MGNREGA - Zila, Janpad, Gram Panchyat, Agency)
7	ग्राम विकास (जिला जनपद)
8	इंदिरा आवास योजना (विशेष)
9	इंदिरा आवास योजना (वन अधिकार पट्टा)
10	इंदिरा आवास योजना (होमस्टीड)
11	इंदिरा आवास योजना (सामान्य)
12	इंदिरा आवास योजना (कंटिजेसी)
13	RGPSA जिला, जनपद
14	स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन (जिला, जनपद)
15	IWMP I,II,III Consolidated Also, WCDC
16	मातृत्व भत्ता (जिला, जनपद)
17	13वें वित्त/12वें वित्त (13वे वित्त जिला, जनपद, ग्राम पंचायत)
18	फूलवारी योजना (जिला,जनपद)
19	मूलभूत (जिला/जनपद/ग्राम पंचायत)
20	जिला नवाचार निधि (DIF)
21	स्वच्छ भारत मिशन
22	यूरोपियन कमीशन
23	सामाजिक सहायता
24	शिक्षाकर्मी

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत नारायणपुर